Regarding need to provide irrigation facility to marginal farmers in the country and also encourage them towards cattle rearing-laid

श्री मनसुखभाई धनजीभाई वसावा (**भरूच**)**:** भारत सरकार द्वारा किसानों को समृद्ध करने के लिए लगातार तमाम प्रयास किए जा रहे हैं । देश में खेती की पद्धतियों के आधुनिकीकरण के साथ ही सरकार द्वारा कृषि क्षेत्र में वित्तीय समावेशन को वरीयता दी जा रही है । हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री जी की भी यही सोच है कि जब तक भारत के किसानों को सुविधा संपन्न और आर्थिक रूप से मजबूत नहीं बनाया जाएगा तब तक भारत को विकसित करने के सारे प्रयास नाकाफी होंगे । आज दुनिया के सभी प्रगतिशील देश कृषि क्षेत्र में वित्तीय समावेशन को न सिर्फ बढ़ावा दे रहे हैं बल्कि उन्हें सिंचाई सुविधाओं से भी लैस कर रहे हैं । हमारे देश में आजादी के सात दशक बाद भी कृषि का एक बड़ा हिस्सा सिंचाई से वंचित है देश में सिंचाई की समस्या को लेकर हमारे माननीय प्रधानमंत्री जी की चिंता सर्वविदित है और उनका मानना है कि जब तक देश में हर खेत को पानी नहीं मिलेगा तब तक ना तो भरपूर उत्पादन हो सकता है और ना ही किसानों की आर्थिक स्थिति में सुधार हो सकता है । प्रधानमंत्री जी की इसी चिंता को ध्यान में रखकर प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना की शुरुआत की गई है । उपरोक्त महत्वपूर्ण सिंचाई परियोजना के परिपेक्ष में मेरा सरकार से आग्रह है कि देश के सीमांत किसानों के लिए सिंचाई की पर्याप्त सुविधा प्रदान करने के साथ ही उन्हें पशुपालन के लिए प्रोत्साहित करने हेतु आर्थिक सहायता हेतु समुचित प्रबंध किए जाने चाहिए ।